हर घर जल
जल जीवन मिशन

G20

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक
01
मई-23



# जल जीवन मिशन
# संवाद



## संवाद के मुख्य विवरण

- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- मिशन की उपलब्धिया
- स्वीकृत योजनओं की स्थिति
- हर घर जल ग्रामों की प्रगति
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ
- सोशल मीडिया

## संदेश

मध्यप्रदेश में भारत सरकार के इस महत्वकांक्षी मिशन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को जन सहभागिता के माध्यम से वर्ष 2024 के अंत तक नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। मिशन के प्रारम्भ में प्रदेश के कुल 1 करोड़ 20 लाख परिवारों में से मात्र 13.53 लाख (11.29%) परिवारों को नल से जल प्राप्त हो रहा था। वर्तमान में प्रदेश के कुल 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण परिवारों में से 59.48 लाख (49.66%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। प्रदेश में मिशन के कार्य प्रारंभ होने के उपरांत वर्तमान तक 45.95 लाख (43.25%) परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों, ग्राम पंचायत भवनों, आंगनवाड़ियों, शालाओं, आश्रमों, छात्रावासों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य शासकीय भवनों, आदि में वर्ष 2024 तक नल से जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्रदेश सरकार ने रखा है।

प्रदेश के बुरहानपुर जिले को उत्कृष्ट प्राईम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2022 हेतु स्वच्छ जल हर घर जल योजना के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा दिनांक 20/04/2023 को बेस्ट परफार्मिंग जिले की श्रेणी में अभिस्वीकृति प्रदान की गई है जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है एवं गौरव का विषय है।

दिनांक 24 अप्रैल 2023 को रीवा में पंचायतीराज दिवस कार्यक्रम में मान.प्रधानमंत्री जी द्वारा जल जीवन मिशन की 7853 करोड़ रुपये लागत की रीवा बाणसागर, टमस, सतना बाणसागर-2 एवं गुलाबसागर समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओ का शिलान्यास किया गया है, जिससे कुल 4036 ग्रामों को लाभान्वित किया जायेगा।

संजय कुमार शुक्ल
प्रमुख सचिव,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
एवं प्रबंध संचालक,जल निगम

हर घर जल
जल जीवन मिशन

# जल जीवन मिशन की प्रगति

अंक
01
मई-23

## प्रगति (हर घर जल ग्राम)

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| **कुल ग्राम** | 51,414 |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 26,088 |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलितग्राम | 35,554* |
| दिनांक 31.05.2023 की स्थिति में हर घर जल ग्रामों की संख्या | 8858# |
| दिनांक 31.05.2023 की स्थिति में हर घर जल certified ग्रामों की संख्या | 3,826 |

* 12,144 ग्रामो के लगभग 36.53 लाख परिवारों हेतु अंत:ग्राम के कार्य एकल ग्राम योजना के माध्यम से तथा बल्क कनेक्शन समूह ग्राम योजना के माध्यम से किया जाएगा। समूह ग्राम योजनाओ में कुल 35,554 (23,410 + 12,144) ग्राम सम्मिलित है।


# हर घर जल ग्रामों एवं प्रमाणित ग्रामों की सूचि JJM Portal पर उपलब्ध रहती है।

## मिशन की भौतिक प्रगति

| | |
|---|---|
| ▪ कुल लक्षित परिवार (ऐफएचटीसी) | 119.88 लाख |
| ▪ 15 अगस्त 2019 की स्थिति में एफएचटीसी | 13.53 लाख (11.30%) |
| ▪ 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में एफएचटीसी | 49.20 लाख (41.04%) |
| ▪ 31 मई 2023 की स्थिति में एफएचटीसी | 59.48 लाख (49.66%) |

*एफएचटीसी- घरेलू क्रियाशील नल कनेक्शन

## स्वीकृत योजनाओं की स्थिति




# जल जीवन मिशन की उपलब्धिया

बुरहानपुर जिले को उत्कृष्ट प्राईम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2022 हेतु स्वच्छ जल हर घर जल योजना के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा दिनांक 20/04/2023 को जिले बेस्ट परफार्मिंग जिले की श्रेणी में अभिस्वीकृति प्रदान की गई है जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है एवं गौरव का विषय है।

दिनांक 24 अप्रैल 2023 को रीवा में पंचायतीराज दिवस कार्यक्रम में मान.प्रधानमंत्री जी द्वारा जल जीवन मिशन की 7853 करोड़ रुपये लागत की रीवा बाणसागर, टमस, सतना बाणसागर-2 एवं गुलाबसागर समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओ का शिलान्यास किया गया है। जिससे कुल 4036 ग्रामों को लाभान्वित किया जायेगा।






## एकल नलजल योजनाओं की प्रगति

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| पूर्ण | 6,928 |
| प्रगतिरत | 14,706 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 3,602 |
| निविदा हेतु शेष | 852 |
| **योग** | **26,088** |



## समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

| क्र. | योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या | योजना लागत (रू. करोड में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्ण | 26 | 1,003 | 1,887 |
| 2 | प्रगतिरत | 89 | 24,917 | 41,559 |
| | कुल | 146 | 35,554 | 62,062 |




## शालाओं एवं आंगनवाड़ियों की प्रगति

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या | 93,419 |
| पूर्ण की जा चुकी शालाओं की संख्या | 72,302 (77.40%) |
| प्रदेश में कुल आंगनवाड़ियों की संख्या | 66,896 |
| पूर्ण की जा चुकी आंगनवाड़ियों की संख्या | 42,004 (62.79%) |



हर घर जल
जल जीवन मिशन



# शीर्ष 05 डिवीजन में क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन/ग्राम कार्य योजना/ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति/फील्ड टेस्ट किट /हर घर जल ग्राम प्रमाणन की स्थिति - 31 मई 2023 को

## ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| क्र. | डिवीज़न का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | धार | 1473 | 1471 |
| 2 | राजगढ़ | 1634 | 1363 |
| 3 | सिवनी | 1577 | 1319 |
| 4 | बालाघाट | 1244 | 1243 |
| 5 | गुना | 1255 | 1195 |
| | कुल | 7183 | 6591 |

## ग्राम कार्य योजना निर्माण की स्थिति

| क्र. | डिवीज़न का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कुल तैयार ग्रामवार कार्य योजना |
|---|---|---|---|
| 1 | राजगढ़ | 1634 | 1505 |
| 2 | धार | 1473 | 1473 |
| 3 | गुना | 1255 | 1180 |
| 4 | सतना | 1761 | 1084 |
| 5 | सिवनी | 1577 | 1004 |
| | कुल | 7700 | 6246 |

## क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन की स्थिति

| क्र. | डिवीज़न का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | कुल आवास जिनमे घरेलु नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालाघाट | 1244 | 371298 | 258033 |
| 2 | धार | 1473 | 395008 | 256759 |
| 3 | खरगोन | 1140 | 356649 | 234305 |
| 4 | छिंदवाड़ा | 1889 | 347281 | 201243 |
| 5 | इंदौर | 607 | 193542 | 189262 |
| | कुल | 6353 | 1663778 | 1139602 |

## "हर घर जल" ग्राम प्रमाणन की स्थिति

| क्र. | डिवीज़न का नाम | रिपोर्टेड | प्रमाणित |
|---|---|---|---|
| 1 | सीहोर | 315 | 230 |
| 2 | इंदौर | 415 | 210 |
| 3 | बैतूल | 306 | 206 |
| 4 | खंडवा | 284 | 141 |
| 5 | नीमच | 153 | 139 |
| | कुल | 1473 | 926 |

* भारत सरकार द्वारा बुरहानपुर के समस्त 254 ग्राम हर घर जल घोषित

## फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| क्र. | डिवीज़न का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कुल ग्राम जिनमे 05 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | रीवा | 2386 | 1686 |
| 2 | विदिशा | 1532 | 1532 |
| 3 | रायसेन | 1404 | 1404 |
| 4 | धार | 1473 | 1402 |
| 5 | बैतूल | 1338 | 1338 |
| | कुल | 8133 | 7362 |

# सफलता की कहानी

वर्षों की आस पूरी होकर हुई खास
सरकार ने शौचालय, पक्के आवास के
साथ दिया नल और जल



जिला शहडोल के बुढ़ार विकासखंड के अतंर्गत आने वाले गिरवा ग्राम की अनिता सिंह गोंड कहती हैं कि, जल जीवन मिशन हमारे लिए वरदान है, जिससे पीने के पानी की समस्या से निजात मिली और मेरे बच्चे भी स्कूल समय पर जाने लग गए और पति भी नौकरी के लिए समय पर। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत आइएसए संस्था से ग्राम की प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा पानी की गुणवत्ता के नमूनों की जॉच भी समय-समय पर की जाती है जिससे बच्चों में टाइफाइड बुखार, पीलिया, और दूषित पानी से होने वाली अन्य बीमारियाँ कम होने लगी हैं,। गाँव के लोगों की समाजिक एवं आर्थिक स्थिति और घरों में नल के पानी की गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। पानी तक पहुँच के कारण महिलाओं की गरिमा बढ़ी है। आज ग्राम के समस्त ग्रामीण परिवार सामाजिक समावेशन के साथ आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान महसूस कर रहे है।

क्योंकि अब उनके तथा उनके परिवार के लिए पर्याप्त जल, पक्का आवास, शौचालय, उज्जवला गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य एवं जरूरी बुनियादी सुविधाओं के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध है। आज ग्रामीण समुदाय शहर एवं समाज की मुख्य धारा से जुड़ गया है। जल जीवन मिशन ग्रामीणों के जीवन को बदलने वाली रोशनी की किरण बनकर आई, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। मिशन में नल एवं जल देकर ग्रामीण के परिवार की एक नई शुरुआत दी है, जिसे वे हमेशा अपने और अपने बच्चों के लिए तरसते थे। जल जीवन मिशन में लाया ग्रामीणों के जीवन में बदलाव मानो वर्षो की आस हुई पूरी होकर हुई खास।

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को इस योजना को ग्रामों में प्रारंभ करने एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को इस योजना के ग्राम में क्रियान्वयन करने लिए हदय से सबको धन्यवाद देते हुए कहते है कि, मोदी सरकार का हर घर नल एवं जल का सपना हुआ साकार।

श्रीमती अनीता सिंह गोंड
ग्राम -गिरवा
जिला शहडोल (म.प्र.)

हर घर जल
जल जीवन मिशन

# मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ

अंक
01
मई-23












## सोशल मीडिया



















@JJmMadhya

@jal_mp

mpphed@gov.in